# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18





# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

(44)

**कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी राज0 स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय,भरतपुर**

फोन नं.05644–222774 Email- rdgirls@gmail.com Fax:- 05644–222850
www.dce.rajasthan.gov.in

दिनांक :15.08.2017

<u>प्रेस–नोट</u>

दिनांक 01.08.2017 से चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज दिनांक 14.08.2017 को प्राचार्य डॉ0 अशोक कुमार बंसल जी की अध्यक्षता में स्वच्छता नारे के साथ रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर बिहारी जी मन्दिर, शहीद स्मारक, संग्रहालय एवं किले में निकाली गयी। रैली में उपाचार्या श्रीमती राजलक्ष्मी गौतम, एन.एस.अधिकारी डॉ0 अंजली भारतीय, डॉ0 रजनी वशिष्ठ, श्री मानसिंह मीना, सुमन गोयल एवं एन.एस.एस स्वयं सेवक शामिल थे। रैली महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर बिहारी जी के मन्दिर, शहीद स्मारक, संग्रहालय एवं किले मे निकाली गई। चारो यूनिट के सभी स्वयं सेवकों भरतपुर के विभिन्न मौहल्लें, गाँव वार ग्रुप बनाये गये एवं विभिन्न मौहल्लों, गाँव वार ग्रुप बनाये गये एवं स्वयं सेवको को सफाई के लिए कहा गया। स्वयं सेवको ने अपने–अपने गांव, मौहल्ले मे उत्साह से सफाई की तथा सफाई के बारे में भी जानकारी दी। स्वयं सेवकों के बारे में भी जानकारी दी। स्वयं सेवकों ने पखवाडे के दौरान महाविद्यालय परिसर, लैब आदि की सफाई भी की।

प्राचार्य

# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18










# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

☎ : 222774

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

N.S.S. Unit R.D. Girls College, Bharatpur

05.09.17

आयुक्तालय का पृष्ठांकित पत्रांक 570 दिनांक 01.09.2017 के तहत आज दिनांक 05.09.2017 को उपाचार्य श्रीमती राजलक्ष्मी गौतम की अध्यक्षता में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपाचार्य श्रीमती राजलक्ष्मी गौतम ने शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. अंजली भारतीय, डॉ. रजनी वशिष्ठ, श्रीमानसिंह, श्रीमति सुमन गोयल, एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. लक्ष्मी गुप्ता, स्काउट अधिकारी डॉ. शशि एवं महाविद्यालय के व्याख्यतागण, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं छात्राओं ने शपथ ली।

राजलक्ष्मी

प्राचार्य

प्रभारी

# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी राज0 स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय
भरतपुर (राज.)

दिनांक:– 15.09.17

**प्रेस–नोट**

रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय, भरतपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ0 अशोक कुमार बंसल जी की अध्यक्षता में तीन दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अशोक कुमार बंसल जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना को समाज की महती आवश्यकता बताते हुए उन्हें वर्ष पर्यन्त कार्यक्रमों के लिए शुभकामनायें दी। महाविद्यालय की उपाचार्या श्रीमती राजलक्ष्मी गौतम ने स्वयं सेवकों को समाज सेवा के लिए प्रोत्साहित किया।

एन.एस.एस प्रभारी डॉ0 अंजलि भारतीय राष्ट्रीय सेवा योजना के सिद्वान्त, उद्‌देश्यों, कार्यक्रम एवं गतिविधियों की जानकारी स्वयंसेवकों को दी।

इस अवसर पर एन.एस.एस अधिकारी डॉ0 रजनी वशिष्ठ ने 16 सितम्बर को आयोजित होने वाले एक दिवसीय स्वच्छता अभियान में छात्राओं में कार्य का विभाजन किया।

एन.एस.एस अधिकारी श्री मानसिंह मीना ने 25 सितम्बर 2017 को पं. दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती के अवसर पर आयोजित होने वाले रक्तदान के बारे में छात्राओं को जानकारी दी।

महाविद्यालय की स्काउट्स प्रभारी डॉ0 शशि प्रभा ने रक्तदान से सम्बन्धित छात्राओं की भ्रांतियों को दूर किया।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुमन गोयल ने दिया व धन्यवाद श्री मानसिंह मीना ने दिया। इस अवसर पर श्री सूर्यप्रकाश शर्मा, श्री नरेन्द्र चौहान, श्री गजेन्द्र सिंह बेनीवाल व श्रीमती मंजू वर्मा उपस्थित थे।

प्राचार्य

प्रभारी एन.एस.एस

# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

कार्यालय, प्राचार्य रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय,भरतपुर(राजस्थान)

दिनांक :– 16.09.2017

**प्रेस–नोट**

आज दिनांक 16.09.2017 को रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में "एक दिन में स्वच्छ भरतपुर" कार्यक्रम के समानान्तर एक दिन में स्वच्छ महाविद्यालय अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की उपाचार्य श्रीमती राजलक्ष्मी गौतम के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाईयों के प्रभारी डॉ. अंजली भारतीय, श्री मानसिंह मीणा, श्रीमती सुमन गोयल ने अपनी–अपनी इकाईयों के स्वयं सेवकों के साथ स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण, कक्षा–कक्षों, प्रयोगशालाओं और बगीचों आदि की सफाई की गयी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहायक श्री सूर्यप्रकाश शर्मा, श्री नरेन्द्र चौहान, श्री गजेन्द्र सिंह बेनीवाल तथा श्रीमती मंजू वर्मा ने भी सफाई अभियान में अपना सहयोग प्रदान किया।

प्राचार्य

प्रभारी (N.S.S)




# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18




# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

**R.D. GOVT. GIRLS P.G. COLLEGE, BHARATPUR (RAJ.)**

फोन नं. 05644–222774 Email – rdgirls@gmail.com Fax – 05644-222850

Website- www.dce.rajasthan.gov.in

दिनांक 22.09.2017

## प्रेस–नोट

राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ति पर होने वाले रक्तदान शिविर के लिए तीन दिवसीय जागरूकता अभियान का आयोजन प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार बंसल के निर्देशन में किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं को रक्तादान के लाभ बताते हुए उन्हें रक्तदान हेतु प्रेरित करना था। इस अवसर पर उपाचार्य श्रीमती राजलक्ष्मी गौतम ने रक्तदान से संबंधित भ्रम, भय और शंकाओं को दूर करते हुए उनका समाधान किया। प्रभारी डॉ. अंजली भारतीय ने बताया कि रक्तदान महादान है जो कि सभी पुण्यों से बढकर है। रक्तदान करके हम किसी जरूरतमन्द व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। डॉ. रजनी वशिष्ठ ने बताया कि मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है। श्रीमानसिंह ने रक्तदान के लिए उपयुक्त पात्रता के विषय में प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. शशिप्रभा ने बताया कि रक्त की आपूर्ति कितने समय में हो जाती है। श्रीमती सुमन गोयल ने कार्यक्रम का संचालन किया। अभियान के दौरान दिनांक 22.09.2017 को 300 छात्राओं के रक्त समूह की जाँच आर.बी.एम. अस्पताल के तकनीशियन श्री मोहन सिंह व उनके सहयोगी श्री राहुल द्वारा करायी गयी तथा छात्राओं से रक्तदान के लिए संकल्प पत्र भी भरवाये गये। इस अवसर पर एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. अंजली भारतीय, डॉ. रजनी वशिष्ठ, श्री मानसिंह, श्रीमती सुमन, श्रीमती मधु शर्मा, डॉ. के.के. गुप्ता, एवं एन.एस.एस सहायक श्री गजेन्द्र, श्री सूर्यप्रकाश शर्मा, श्री नरेन्द्र, श्रीमती मंजू वर्मा उपस्थित थे।

प्राचार्य

प्रभारी (एन.एस.एस.)

## रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)









# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

F-107

कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी राज0 स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय,भरतपुर
फोन नं.05644–222774 Email- rdgirls@gmail.com Fax:- 05644–222850
WWW.dce.rajasthan.gov.in

दिनांक:– 02.10.2017

## प्रेस–नोट

आज दिनांक 02.10.2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना और स्काउट गाइड के तत्वाधान में डॉ. अशोक बंसल की अध्यक्षता में गाँधी जयन्ती समारोह का आयोजन किया जिसमें सर्वप्रथम प्राचार्य ने छात्राओं और समस्त स्टाफ को कर्त्तनिष्ठा, अहिंसा, जल संरक्षण, स्वच्छता पर शपथ दिलाई। तत्पश्चात गाँधीजी के विचारों पर प्रकाश डाला गया जिसमें प्राचार्य जी ने छात्राओं को महाविद्यालय स्वच्छ रखने तथा प्रतिदिन व्यायाम करने अपील की। स्काउट गाइड प्रभारी डॉ. शशि प्रभा ने गाँधीजी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। डॉ. लालाशंकर गयावाल ने गाँधीजी की पुस्तकों को पढने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. अंजली भारतीय तथा रजनी वशिष्ठ ने परसिर की सफाई करवाई और वर्ष पर्यन्त साफ रखने की अपील की। श्रीमती सुमन गोयल ने गाँधीजी के सत्य और अहिंसा के माध्यम से ब्रिटिश सरकार से भारत को गुलामी से आजाद करवाना बताया। श्रीमान सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्राचार्य

एन.एस.एस. प्रभारी

# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18



## रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

### राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

**सत्र–2017–18**

कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी राज0 स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय,भरतपुर

फोन नं.05644–222774 Email- rdgirls@gmail.com Fax:- 05644–222850
WWW.dce.rajasthan.gov.in

क्रमांक:–रादेकम / स्था / 2017–18 /


दिनांक :- 24.10.17

### प्रेस–नोट

आज दिनांक 24.10.2017 को एन.एस.एस. के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार बंसल की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने यू.एन.ओ. के महत्व के बारे में बताया और भारत का यू.एन.ओ. में स्थान पर चर्चा की। वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती डॉ. शशि प्रभा गुप्ता ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्हें सभी विषयों की जानकारी होनी चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ. अलका गोयल ने संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना, कार्य, प्रमुख अंग, महत्वता, कार्यकारिणी का गठन आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. अंजली भारतीय ने संयुक्त राष्ट्र संघ के झण्डे के बारे में जानकारी दी। डॉ. रजनी वशिष्ठ ने मंच का संचालन किया एवं श्रीमती सुमन गोयल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्राचार्य

एन.एस.एस. प्रभारी



# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

## सरदार वल्लभ भाई पटेल जयन्ती









## रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

☎ : 222774

# राष्ट्रीय सेवा योजना

**रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर**

N.S.S. Unit R.D. Girls College, Bharatpur

दिनांक 2.11.17

प्राचार्य
रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय
भरतपुर

महोदय

दिनांक 5.11.2017 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक द्विदिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उसका मुख्य बिन्दु राजस्थान का पार्टनर राज्य 'असम' की भाषा, कला, संस्कृति, इतिहास, महापुरुष, खानपान आदि की जानकारी स्वयं सेवकों को देने हेतु श्री भूपेन्द्र कठोनिया पाजेगा B.Tech चन्द्रावती इंजीनियरिंग कॉलेज, भरतपुर के छात्र, जो असम राज्य के निवासी हैं को आमन्त्रित करने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

(हस्ताक्षर)
प्रभारी N.S.S.

(हस्ताक्षर) 2/11/17

# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18





# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18


**कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी राज0 स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय,भरतपुर**

फोन नं.05644–222774 Email- rdgirls@gmail.com Fax:- 05644–222850

WWW.dce.rajasthan.gov.in


दिनांक : 03.11.2017

श्रीमान प्राचार्य
एम.एस.जे. कॉलेज
भरतपुर

विषय :– राष्ट्रीय सेवा योजना के सत्र 2017–18 के संभाग स्तरीय कार्यक्रम "आईना–2" वृत्तचित्र एवं लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता में स्वयं सेवकों की टीम भेजने बाबत।

सन्दर्भ :– एम.एस.जे./17/860–917 दिनांक 28.10.2017

महोदय,

उपरोक्त विषय में लेख है कि आपके पत्रानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत संभाग स्तरीय कार्यक्रम "आईना–2" वृत्तचित्र एवं लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता में इस महाविद्यालय से निम्नांकित स्वयं सेवक छात्राओं का चयन कर डॉ. सुमन गोयल व्याख्याता एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी के साथ दिनांक 10.11.2017 को प्रातः 10:00 बजे प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भेजा जा रहा है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र.सं. | छात्रा का नाम | पिता का नाम | कक्षा | यूनिट |
|---|---|---|---|---|
| 1. | खेमवती मुदगल | पुत्री श्री फूलचंद मुदगल, | बी.एस.सी. पार्ट–I | एन.एस.एस.यूनिट |
| 2. | खुशबू कुमारी | पुत्री श्री अशोक कुमार, | बी.एस.सी. पार्ट–I | एन.एस.एस.यूनिट |
| 3. | प्रशस्ति शर्मा | पुत्री श्री माखन शर्मा, | बी.एस.सी. पार्ट–I | एन.एस.एस.यूनिट |
| 4. | अजयलक्ष्मी | पुत्री श्री विक्रम सिंह | बी.एस.सी. पार्ट–I | एन.एस.एस.यूनिट |
| 5 | नेहा अग्रवाल | | B.Sc. I | NSS यूनिट I |

एन.एस.एस. प्रभारी

(डॉ. अशोक कुमार बंसल)
प्राचार्य
रामेश्वरी देवी राजकीय स्नातकोत्तर
कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राज0)

# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

34

**कार्यालय प्राचार्य, रामेश्वरी देवी राज0 स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय,भरतपुर**

दिनांक

राष्ट्रीय सेवा योजना

कार्यालय आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के पत्र क्रमांक एफ.8 (युवा) अकाद/2016/721 के सन्दर्भ में दिनाक 11 से 30 नवम्बर 2017 महाविद्यालय में "युवा उन्नयन कार्यक्रम" एवं 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमो की रिपोर्ट–

युवा उन्नयन कार्यक्रमो के संदर्भ में 11 से 30 नवम्बर 2017 की अवधि में मुख्य थीम छात्राओं के सम्पूर्ण व्यक्तित्व से संबधित रखी गई। इस अवधि में छात्राओं को मोटीवेशनल वीडियोज द्वारा, व्याख्यान द्वारा, प्रश्नोत्तरी द्वारा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों की जानकारी प्राप्त की गई। स्वयं प्राचार्य ने 07 व्याख्यानों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की –

1. समय प्रबंधन
2. तनाव प्रबंधन
3. सम्प्रेषण तकनीक
4. बॉडी लैग्वेज
5. चिंता की जगह चिंतन पर विशेष ध्यान देना
6. नई तकनीकों की जानकारी
7. सकारात्मक सोच

'एक भरत श्रेष्ठ भारत' के अन्तर्गत राजस्थान का पार्टनर स्टेट 'असम' को लिया गया है। 'असम' राज्य की जानकारी स्वयं सेवकों को देने हेतु असम के निवासी को महाविद्यालय में बुलाया। जिन्होंने असम राज्य के खान–पान, भाषा, रीति–रिवाज, कला,संस्कृति, महापुरूष, इतिहास, अर्थव्यवस्था, भौगोलिक स्थिति आदि विषयों पर जानकारी दी। स्वयं सेवकों ने Documentry Film के माध्यम से असम राज्य की जानकारी दी। सुश्री कायेल वत्स, राजकीय पॉलिटैक्निक कॉलेज अंग्रेजी व्याख्यान ने असम पर प्रश्न पूछे, सही उत्तर देने वाले स्वयं सेवकों को पुरस्कार दिया गया। एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. अंजली भारतीय, डॉ. रजनी वशिष्ठ, श्री मानसिंह, श्रीमती सुमन ने भी असम राज्य के विषय में भी स्वयं सेवकों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। साथ ही स्वयं सेवकों ने असम के गीत व नृत्य भी प्रस्तुत किए।

# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

(35)

"युवा उन्नयन कार्यक्रम" ~~कौमी एकता सप्ताह (दिनांक 19.11.2017 से 25.11.2017 तक)~~ के दौरान एन.एस.एस. अधिकारी एवं स्वयं सेवकों ने सभी धर्मों के विषय में चर्चा की और यह पाया कि सभी धर्मों में समानता है अर्थात हमारे भारत देश में विभिन्नता में 'एकता' है। प्राचार्य डॉ. अशोक बंसल ने कहा कि सभी धर्म ग्रन्थ हमें प्रेम, भाईचारा, मानवता का संदेश देते हैं। महिला अधिकारिता विभाग में सहायक निदेशक श्रीमती सुरभि ने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया जिसमें सभी स्वयं सेवक सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। एडवोकेट श्री हरेन्द्र सिंह ने महिलाओं से सम्बंधित कानूनों की जानकारी दी। ~~एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. अंजली भारतीय ने सप्ताह में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी।~~

दिनांक 21.11.2017 के उन्नयन कार्यक्रम की श्रृंखला में अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. अशोक बंसल मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने स्वयं सेवकों को 'व्यक्तित्व विकास' के विभिन्न आयामों का परिचय कराया। जिसमें बताया कि व्यर्थ की चिन्ता नहीं बल्कि चिन्तन करें। स्वयं पर विश्वास रखते हुए कर्म करें। 'मेंटल डाइट चार्ट' पर भी चर्चा की जिसमें बताया कि सभी स्वयं सेवक 'सब कौशन्स माइन्ड' में अपने लक्ष्य को निर्धारित करें। इस अवसर पर एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. अंजली भारतीय, डॉ. रजनी वशिष्ठ, श्री मानसिंह, श्रीमती सुमन ने भी स्वयं सेवकों से अपने विचार साझा किए।

दिनांक 22.11.2017 को युवा उन्नयन कार्यक्रम में अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. अशोक बंसल मुख्य वक्ता ने एन.एस.एस. स्वयं सेवकों को बताया कि, छोटे–छोटे काम करके राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं। साथ ही दृढ निश्चिय, आत्मविश्वास, इच्छा शक्ति इन तीनों प्रत्यों पर विस्तार से विभिन्न उदाहरणों एवं प्रश्नोत्तरी के माध्यम से समझाया कि स्वयं सेवक तीनों बिन्दुओं को अपने जीवन में किस प्रकार आत्मसात करें। आत्मसात करने के विभिन्न तरीकों से भी अवगत कराया। अपना लक्ष्य निर्धारित करें, खुद पर विश्वास रखें, कठिन परिस्थितियों और समस्याओं को चुनौती और वरदान समझें। प्रत्येक समस्या का कोई न कोई समाधान अवश्य है। इस अवसर पर एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. अंजली भारतीय, डॉ. रजनी वशिष्ठ, श्री मानसिंह ने भी अपने–अपने अनुभव बताए।

दिनांक 23.11.2017 को मुख्य वक्ता एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. अंजली भारतीय ने स्वयं सेवकों को प्रकृति से सीखने एवं पर्यावरण सम्बन्धी जानकारी दी। डॉ. भारतीय ने जल को

36

किस तरह से संचय किया जाए, सूर्य से एनर्जी किस प्रकार प्राप्त कर सकते हैं, विषय पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि मानव जीवन प्रकृति की तरह होना चाहिए। जैसे प्रकृति देने में किसी तरह का भेदभाव नहीं करती उसी प्रकार मानव को सेवा भाव में भेदभाव नहीं करना चाहिए।

दिनांक 24.11.2017 को एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. रजनी वशिष्ठ ने बताया कि जब तक स्वयं सेवक आर्थिक रूप से स्वालम्बी नहीं होगी 'उन्नयन' अधूरा है। व्यक्ति को नैतिक चरित्र के साथ–साथ रोजगार में लगे होना चाहिए। डॉ. वशिष्ठ ने रोजगार से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि किताबी पढाई के साथ–साथ स्वयं को रोजगार के लिए भी तैयार करें।

25.11.2017 को मुख्य वक्ता श्रीमती सुमन एवं श्री मानसिंह रहे। श्रीमती सुमन ने इतिहास के विभिन्न महापुरूषों के जीवन परिचय देते हुए बताया कि स्वयं सेवकों को उनके जीवन से सीखना चाहिए। संघर्ष व कठिन परिस्थितियों से नहीं घबराते हुए अपनी मंजिल प्राप्त करनी चाहिए। मुख्य वक्ता श्री मानसिंह ने समाज में हो रही विभिन्न कुरीतियों से अवगत कराया और बताया कि स्वयं सेवक इन कुरीतियों को समाज से किस प्रकार निराकरण कर सकते हैं।

दिनांक 25.11.2017 को ए.एस.पी. श्री धर्मेन्द्र ने ए.टी.एम. में होने वाली विभिन्न चोरी एवं सडक सुरक्षा से अवगत कराया। साथ ही स्वयं सेवकों को प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी की जानकारी दी।

दिनांक 27.11.2017 को प्राचार्य डॉ. अशोक बंसल ने सॉफ्ट स्किल एवं चरित्र निर्माण पर प्रकाश डाला। बॉडी लैंग्वेज मनुष्य के व्यक्तित्व का परिचय देती है। इसलिए स्वयं सेवकों को इस पर भी ध्यान देना चाहिए जो उनके साक्षात्कार के लिए भी लाभदायक सिद्ध होगा। साथ ही "व्यक्तित्व विकास एवं कौशल" पर मुख्य वक्ता श्रीमती इन्दु तोमर ने 'पर्सनलिटी डवलपमेंट एवं एटिकेट्स' पर अपने विचार एक कहानी के माध्यम से स्वयं सेवकों तक पहुंचाये। इस विषय पर छात्राओं से संवाद करते हुए अपने विषय को समझाया कि कैरियर और स्किल डवलपमेंट क्या है।

# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

(37)

संदीप माहेश्वरी ने वीडियो दिखाकर सरल ढंग से प्रस्तुत किया। अन्त में प्राचार्य महोदय के द्वारा सारगर्भित संवाद के द्वारा अपने विचार अभिव्यक्त किये।

दिनांक 28.11.2017 को छात्राओं को मानसिक विकास की जानकारी डॉ. सुजाता चौहान द्वारा दी गई।

दिनांक 29.11.2017 को प्राचार्य द्वारा छात्राओं को नई तकनीकों की जानकारी दी गई ताकि वे अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए उपयोग कर सकें।

दिनांक 30.11.2017 को महाविद्यालय की छात्राओं ने उन्नयन कार्यक्रम के बारे में अपने–अपने अनुभव व्यक्त किए कि इस कार्यक्रम में उपस्थित रहकर उनके मानसिक, शारीरिक एवं सम्पूर्ण व्यक्तित्व पर क्या प्रभाव पड़ा।

प्रभारी एन.एस.एस.

## युवा उन्नयन कार्यक्रम

रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

सत्र–2017–18





## रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18



भरतपुर. यातायात नियमों की जानकारी देते हुए।

# यातायात नियमों की दी जानकारी

भरतपुर @ पत्रिका. आरडी गर्ल्स कॉलेज में एनएसएस के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान एनएसएस की चारों इकाई के स्वयंसेवक एवं अधिकारियों ने बांके बिहारी मंदिर तक यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों को रोककर उन्हें यातायात नियमों से अवगत कराते इसका पालन करने को कहा। इसमें नरेन्द्र सिंह, सूर्यप्रकाश शर्मा, गजेन्द्र बैनीवाल, मंजू वर्मा आदि थे।

2017–18

10.12 2017

## रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

सत्र–2017–18

# तृतीय एकदिवसीय शिविर





# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

सात दिवसीय शिविर – 22.12.17 to 28.12.17

शिविर उद्घाटन में सात दिवसीय कार्यक्रमों की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुये प्रभारी डॉ अंजली [illegible]



# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

सात दिवसीय शिविर - 22.12.17 to 28.12.17



प्रत्येक दिन की शुरूआत योगाभ्यास से·

## रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

### राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

सत्र–2017–18

सात दिवसीय शिविर 22.12.17 to 28.12.17



स्वयं सेवकों द्वारा मेहन्दी प्रतियोगिता



रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

# राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

सत्र–2017–18

राजस्थान पत्रिका
rajasthanpatrika.com
भरतपुर . रविवार
24.12.2017

## छात्राओं को बताया समाजसेवा का महत्व

दैनिक भास्कर
रविवार, 24 दिसंबर, 2017

दैनिक भास्कर
भरतपुर, सोमवार, 25 दिसंबर, 2017

## देश भक्ति गीत में आफरीन ने मारी बाजी

भरतपुर | रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे तीन शिविर का शुभारंभ योग से किया। व्याख्याता डॉ. शशि प्रभा ने बताया कि व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास के लिए सभी क्षेत्रों में अग्रणी होना आवश्यक है। एनएसएस अधिकारी डॉ. रजनी वशिष्ठ ने राज्य व केन्द्र सरकार की योजनाओं के जानकारी दी। प्रतियोगिता में आफरीन ने प्रथम, धीनेश ने द्वितीय एवं कोमल वर्मा व एकता ने संयुक्त रुप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. अंजली भारतीय, मानसिंह आदि थे।

# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

## राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों में जीवन जीने के गुर सीख रहे हैं स्वयं सेवक



दैनिक भास्कर | भरतपुर, मंगलवार 26 दिसंबर, 2017

## कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

भरतपुर। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय की छात्राओं का 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ. अशोक बंसल की अध्यक्षता में योगाभ्यास से किया गया। इस अवसर पर डॉ. अंजली भारतीय, डॉ. रजनी वशिष्ठ, मानसिंह, सुमन गोयल ने गांव श्रीनगर में जाकर ग्राम वासियों को केन्द्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। मानसिंह ने ग्राम में विभिन्न सामाजिक कुरीतियों एवं उनके निवारण के लिए जानकारी दी। इस अवसर पर सूर्यप्रकाश शर्मा, नरेन्द्र, गजेंद्र व मंजू वर्मा आदि मौजूद थे।

दैनिक भास्कर | भरतपुर, बुधवार 27 दिसंबर, 2017

## मेहंदी में एकता व रंगोली प्रतियोगिता में शानू प्रथम

भरतपुर। रामेश्वरी देवी राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य अशोक बंसल की अध्यक्षता में प्रतियोगिताएं हुईं। निर्णायक मंडल में डॉ. अंजली भारतीय, डॉ. रजनी वशिष्ठ व श्रीभान सिंह थे। मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एकता ने प्रथम, जैनिश ने द्वितीय एवं खुशनू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में शानू ने प्रथम, अमृता ने द्वितीय एवं सोनिया व सुमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन सुमन गोयल के निर्देशन में किया। संचालन स्वयं सेविका हेली, ललतेश ने किया।

# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

दैनिक भास्कर भरतपुर, शुक्रवार 29 दिसंबर, 2017



भरतपुर। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में एनएसएस शिविर समापन पर मौजूद छात्राएं।

राउमावि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने गुरुवार को शिविर के अन्तर्गत विद्यालय परिसर के बगीचे में घास एवं पौधरोपण किया गया। शिविर प्रभारी गजराज सिंह के निर्देशन में कृषि खंड में श्रमदान कर परिसर में सौन्दर्यीकरण का कार्य किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुनील चतुर्वेदी, व्याख्याता बृजेश शर्मा, अशोक बंसल आदि मौजूद थे।

इसी तरह रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में एनएसएस शिविर में आर्ट आफ लिविंग की ओर से नवचेतना शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को पंच तत्व का महत्व, स्वच्छता, पॉलीथिन का प्रयोग न करने, पर्यावरण, सेवा और साधना की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रशिक्षक हरिओम सिंह, परमेश्वर लोहिया, प्रो. रजनी, छात्रा गीतांजलि आदि ने छात्राओं को आर्ट आफ लिविंग के गुर सिखाए।

## शिविर में राज्य व केन्द्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

भरतपुर | रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में विशेष शिविर का समापन समारोह का आयोजन प्राचार्य डॉ. अशोक बंसल की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अंजलि भारतीय ने 7 दिन में हुई गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्वयं सेवकों ने ग्राम श्रीनगर एवं अनाह में जाकर ग्रामवासियों को केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी एवं फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी। भाषण प्रतियोगिता एवं रिबन पर स्लोगन लिखवाए गए। डॉ. सुमन गोयल एवं मानसिंह ने भारत के विषय में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अशोक बंसल ने स्वयंसेवकों को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। इस अवसर पर सूर्यप्रकाश, नरेन्द्र, गजेंद्र, मंजू वर्मा सहित मौजूद थे।

# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

राष्ट्रीय सेवा योजना का सातदिवसीय विशेष शिविर
रिपोर्ट

34

शिविर 22.12.2017 से 28.12.2017 तक लगाया जायेगा। आज दिनांक 22.12. 2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का (दिनांक 22.12. 2017 से 28.12.2017 तक) उद्घाटन प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार बंसल की अध्यक्षता में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. अंजली भारतीय ने सात दिनों में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों से अवगत कराया। इस सत्र, सात दिसवीय विशेष शिविर भारत एक श्रेष्ठ भारत, हमारा पार्टनर राज्य 'असम', केन्द्र एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप और विभिन्न कल्याणकारी योजनाऐं, भोजन के दुरुपयोग को रोकना पर विशेष केन्द्रित होगा। इन विषयों एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों पर नुक्कड़ नाटक, कविता, आशुभाषण, व्याख्यान, नृत्य आदि साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जायेंगे। ये कार्यक्रम गोद लिये गये ग्राम/बस्ती अनाह एवं श्री नगर में स्वयं सेवकों एवं एन.एस.एस. अधिकारियों द्वारा आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर गृह विज्ञान की वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती मधु शर्मा ने संतुलित एवं पौष्टिक भोजन मौसम की फल, सब्जी, अनाज से भी मिल सकता है इस विषय पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. शशि प्रभा ने अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तु बनाना एवं स्वयं सेवक स्वावलम्बी बनें। एॅन.एस.एस. अधिकारी श्रीमती सुमन गोयल ने संचालन किया।

(प्रभारी N.S.S)

## रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

### राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

**सत्र–2017–18**

राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
22.12.2017 to 28.12.2017



N.S.S प्रभारी – डॉ० अंजली भारतीय
N.S.S अधिकारी – डॉ० रजनी वशिष्ठ
N.S.S अधिकारी – श्री मान सिंह मीना
N.S.S अधिकारी – श्रीमती सुमन गोयल





# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर (राजस्थान)

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सत्र–2017–18

